हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026



# खेत में धान का रोपा लगा रहे मजदूर की करंट से दर्दनाक मौत, दो घायल

**बिजली विभाग की लापरवाही, दो माह पहले दिए आवेदन पर नहीं की कार्रवाई, ग्रामीणों ने किया घेराव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बिजली विभाग की लापरवाही से धान का रोपा लगाने गए एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो घायलों का सिविल अस्पताल में इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार पिपलाकछार निवासी चेतनदास साहू के खेत में रोपा लगाने खम्हारडीह और पिलाकछार के दो दर्जन से ऊपर मजदूर गए थे। दोपहर एक बजे के आसपास खाना खाने की छुट्टी में चंपा पति जोहित साहू 50 साल हाथ-मुंह धोने खेत के किनारे की ओर गई थी। अचानक जोर का झटका लगा और वो गिर गई, जिसे बचाने साथी मजदूर सिमन पिता डेमनदास साहू 24 साल महिला के पास पहुंचा तो देखा कि बिजली का तार खेत में गिरा था। उसे समझ आ गया कि चंपाबाई को करंट लगा है और वो भी लकड़ी लेकर बिजली का तार हटाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन

⏵⏵ शेष पेज 12 पर

### बिजली ऑफिस का किया था घेराव

घर के एकमात्र कमाऊ धनसाय की असमय मौत से नाराज ग्रामीणों ने पांडादाह सब-डिवीजन ऑफिस का घेराव कर दिया था। जानकारी मिलने पर एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, नायब तहसीलदार भूपेंद्र नेताम, टीआई अनिल शर्मा, एई बिजली उत्तम साहू मौके पर पहुंचे, लेकिन नाराज ग्रामीण जेई अतुल सिंह गहरवार को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। जिसके चलते पुलिस जवान भी बुलाना पड़ा। जेई अतुल सिंह गहरवार आफिस पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने काफी खरी खोटी सुनाई और

⏵⏵ शेष पेज 12 पर



### दो महीने पहले दिया था आवेदन

खेत मालिक चेतनदास साहू ने 19 मई 26 को पांडादाह सब-डिवीजन ऑफिस में लिखित शिकायत दर्ज कराकर जानकारी दी थी कि बिजली का तार टूट गया और लटक रहा है। दो महीने तक उसके शिकायत आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सीएम हेल्पलाइन में भी इसकी जानकारी दी तो मैसेज आया कि शिकायत कारवाई के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिया जा चुका है, बिजली विभाग के जिम्मेदारों की आंख नहीं खुली और उनकी लापरवाही के चलते धनसाय की दर्दनाक मौत हो गई।

**होगी कार्रवाई**

काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी अथवा कर्मचारी के खिलाफ कंपनी के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

\- आलोक दुबे, कार्यपालन अभियंता

## शिवनाथ का जलस्तर बढ़ने से बढ़ी परेशानी, कांग्रेस पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

# मोहारा प्लांट में एलम संकट के बीच शहर में मटमैले पानी की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तीन दिनों तक रूक-रूककर हुई बारिश के बाद शहर में गंदे पेयजल आपूर्ति हो रही है। शिवनाथ नदी में जलस्तर बढ़ने से पानी मटमैला हुआ है। वहीं मोहरा फिल्टर प्लांट में फिटकरी की कमी से गंदा पानी सप्लाई की शिकायत भी हो रही है। बारिश के दिनों में नदी में बाढ़ की स्थिति के चलते जल शोधन के लिए अधिक फिटकरी लगती है, लेकिन फिटकरी की कमी के चलते शुद्ध पेयजल की सप्लाई में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। नलों से आ रहा पानी इतना गंदा दिखाई दे रहा है कि लोग इसका मजबूरी में उपयोग कर रहे हैं।

शहर में गंदा पानी आने के मामले को लेकर कांग्रेस पार्षद दल द्वारा मोहरा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान वहां एलम की कमी पाई गई। आज कांग्रेस पार्षद दल द्वारा बोतल में गंदा पानी लेकर आयुक्त से शिकायत करते व्यवस्था सुधारने मांग की गई है।

### एक माह का एलम स्टॉक करने मांग

शहर में लगातार पेयजल के लिए मटमैला पानी सप्लाई होने के मामले को लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने नवपदस्थ आयुक्त जीआर मरकाम को ज्ञापन देकर कहा कि मोहरा फिल्टर प्लांट में जल शोधन के लिए फिटकरी की मात्रा काफी कम डाली जा रही है। जिससे गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि आयुक्त से एक माह की खपत का फिटकरी स्टॉक रखने और पर्याप्त मात्रा में क्लोरीन गैस एवं ब्लीचिंग पावडर रखने मांग की गई है, ताकि शहर के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके।



### अतिरिक्त ईंधन की हो रही खपत

शहर में मटमैले और गंदे पानी की सप्लाई के चलते यह पीने योग्य भी दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में पानी को उबालकर पीने की मजबूरी हो गई है। पानी उबालने के लिए घरों में अतिरिक्त ईंधन का खर्च भी हो रहा है।

### सुचारू नहीं एलम की आपूर्ति

पर्याप्त स्टॉक नहीं रखने के चलते गुरुवार को मोहरा फिल्टर प्लांट में फिटकरी खत्म हो गया और डोंगरगढ़ एवं रिसाली से फिटकरी लाना पड़ गया। वहीं शाम लगभग 4 बजे यहां 35 टन एलम लेकर गाड़ी पहुंची और इसके बाद आज 30 टन एलम फिर पहुंचा। लगभग 65 टन एलम की सप्लाई मोहरा फिल्टर प्लांट में हुई है। यह एलम लगभग 15 दोनों के भीतर ही खत्म हो जाएगा। इससे पहले एलम की और आपूर्ति नहीं होने पर फिर से एलम का संकट खड़ा हो जाएगा।

### बढ़ा आ रहा पीएच स्तर

शिवनाथ नदी में बारिश का पानी आने के चलते नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। ऐसे में शहर में मटमैले, गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। जिसका पीएच स्तर लगभग 10 के करीब आ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पीने के पानी का सामान्य पीएच मान 6.5 से 8.5 के बीच होना चाहिए।

### बारिश में बढ़ती है एलम की खपत

मोहरा फिल्टर प्लांट में तीन शिफ्ट में कार्य चलता है और प्रति शिफ्ट में 8 घंटे के भीतर लगभग 60 नग एलम की सिल्ली डाली जाती है। मटमैला पानी होने की वजह से इसकी मात्रा और बढ़ाई जाती है। सामान्य दिनों में लगभग 15-20 एलम ही लगते हैं। बारिश में जल शोधन के लिए प्रतिदिन 6 टन एलम की खपत होती है।

**की जाएगी व्यवस्था**

वर्षाकाल में पेयजल के लिए सतर्कता जरूरी है। अभी 65 टन एलम का स्टॉक है। भविष्य में इस तरह की समस्या नहीं आए, यह प्रयास किया जाएगा।

\- जीआर मरकाम, आयुक्त, नगर निगम

# थानों में जब्त 270 किलो गांजा का विनिष्टिकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना में जब्त लगभग 270 किलो गांजा एवं 1847 नशीली टेबलेट का विनिष्टिकरण सोमनी स्थित एक निजी प्लांट में किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी बनी रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार 10 जुलाई को जिले के विभिन्न थानों में एनडीपीएस अधिनियम के तहत जब्त 59 प्रकरणों में कुल लगभग 270 किलो गांजा, नशीली टेबलेट 1847 का नष्टीकरण छग शासन के आदेशानुसार गठित जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया गया।

### अधिकारी रहे उपस्थित

कार्रवाई के दौरान कमेटी के अध्यक्ष एसपी अंकिता शर्मा, सदस्य सहायक आयुक्त आबकारी राजेश शर्मा, सदस्य कीर्तन राठौर, आईपीएस वैशाली जैन, दिलीप पटेल थाना प्रभारी सोमनी एवं विभिन्न थाना के अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति में एनडीपीएस अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार श्री जी. पैनल ग्राम सांकरा पोस्ट सोमनी जिला राजनांदगांव निजी प्लांट में किया गया।

### विधिवत की गई कार्रवाई

पुलिस के अनुसार उक्त कार्रवाई के दौरान छग पर्यावरण विभाग, ग्राम पंचायत एवं सबंधित फर्म से विधिवत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर उपरोक्त कार्रवाई को विधिवत संपादित किया गया। उपरोक्त नष्टीकरण की कार्रवाई में थाना घुमका के 4, कोतवाली 13, चिखली 5, लालबाग 6, डोंगरगांव 3, बसंतपुर 5, सुरगी 1, सोमनी 8, डोंगरगढ़ 13, मोहारा 1 प्रकरण सम्मिलित किए गए।

# ढाबा की आड़ में अवैध रूप से शराब की बिक्री

- संचालक गिरफ्तार, तुमड़ीबोड़ पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर से लगे ढाबों में अवैध रूप से शराब बिक्री व पीने पिलाने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ढाबों में लगातार दबिश दे रही है। जिसके तहत एक ढाबा संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर

⏵⏵ शेष पेज 12 पर



### 16 पौवा देशी शराब जब्त

पुलिस के अनुसार सूचना को गंभीरता से लेते पुलिस टीम द्वारा गवाहों की उपस्थिति में कार्रवाई करते ढाबा पर दबिश दी। मौके पर ढाबा संचालक रंजीत यादव 47 वर्ष निवासी ग्राम पेंड्री, हाल पता बिहार- पटना ढाबा कोहका मिला, जिसे सूचना से अवगत कराकर विधिवत कार्रवाई करते आरोपी के कब्जे से 16 पौवा देशी प्लेन शराब व शराब बिक्री का नगदी रकम 900 कुल कीमती 2180 को विधिवत जब्त की गई।

# पुलिस से झूमाझटकी के बीच कांग्रेस ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी तथा केंद्र और राज्य सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाते शुक्रवार को शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने जयस्तंभ चौक में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षद, ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवादल, सोशल मीडिया विभाग तथा कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए दमनकारी नीति अपना रही है। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ा है और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई से कांग्रेस का आंदोलन और अधिक मजबूत होगा।



### गहमा-गहमी के बीच पुतला दहन

प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पुतला दहन रोकने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता पीछे नहीं हटे। पुलिस जवानों और कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी की स्थिति बनी रही। काफी देर तक चली गहमा-गहमी के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कोशिशों को विफल करते पुतले का दहन कर दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ तीखी नारेबाजी करते अपना आक्रोश व्यक्त किया।

### विपक्ष की आवाज को दबाने जांच एजेंसियों का दुरूपयोग

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने केंद्रीय जांच एजेंसियों का खुला दुरूपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं को झूठे मामलों में फंसाकर राजनीतिक प्रतिशोध लिया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस डरने या झुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और लोकतंत्र तथा संविधान पर हो रहे हर प्रहार का कांग्रेस सड़क से सदन तक मजबूती से जवाब देगी। यह संघर्ष किसी एक नेता का नहीं, बल्कि लोकतंत्र और जनाधिकारों की रक्षा का संघर्ष है।

## खबर संक्षेप

### निषाद समाज की बैठक कल

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज राजनांदगांव की मासिक बैठक 12 जुलाई को मौसम को देखते सुबह 11 बजे से जिला कार्यालय सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में आयोजित की गई है।

समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार सोनवानी निषाद ने बताया कि बैठक में सामाजिक गतिविधियों व अन्य सामाजिक विषयों पर चर्चा किया जाएगा। जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, संगठन सचिव मौजी राम निषाद, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पदमनी निषाद ने बैठक में सामाजिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की।

### ग्रामीणों के साथ वाद-विवाद, पकड़ा गया


**राजनांदगांव।** ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज व वाद-विवाद करने के मामले में शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमड़ीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा आरोपी रिमन चंद्रवंशी सांगिनकछार के विरुद्ध बिना कारण आए दिन गाली-गलौज व वाद-विवाद करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसकी जांच के दौरान 9 जुलाई को पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपी को समझाईश दिया गया, किन्तु आरोपी ने पुलिस के समक्ष ही प्रार्थी पक्ष को तुम लोग मेरे खिलाफ रिपोर्ट किए हो कहकर मारपीट पर उतारू हो गया और वाद-विवाद करने लगा। जिससे संज्ञेय अपराध घटित होने की संभावना निर्मित होने पर गिरफ्तारी के अतिरिक्त अन्य विकल्प नहीं होने से आरोपी को धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर शांति व्यवस्था कायम करने हेतु आरोपी के विरुद्ध धारा 170/ 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## माय एंगल



















## खबर संक्षेप

### निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने अमित



**डोंगरगढ़।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणसिंह देव की सहमति से भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। शहर मंडल के पूर्व अध्यक्ष अमित जैन को जिला नगरीय निकाय प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अमित जैन से मुलाकात कर बधाई दी।

### मुख्यमंत्री से की मुलाकात




**डोंगरगढ़।** नगर विकास और समस्या के समाधान हेतु पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला मन की बात प्रकोष्ठ के विधु खांडेकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की।

### अध्यक्ष ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**डोंगरगढ़।** पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान विद्युत व्यवस्था, गार्डन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर सुमित ताम्रकार, देवेंद्र साखरे, बबिता मलागर, अमित छब्बरा तथा अमित बोस उपस्थित थे। उन्होंने वार्ड 13 में फुटपाथ, गार्डन, वार्ड 24 के महतारी चौक में खराब गार्डन लाइटों की मरम्मत कराने तथा आवश्यक स्थानों पर एलईडी लाइटें लगाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष के निर्देश पर लाइटों की मरम्मत एवं नवीन गार्डन लाइट लगाने का कार्य कराया गया।



### अहिल्या बनी शाला समिति की अध्यक्ष



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेन्द्रीबन नवागांव में प्राचार्य पीआर सुधाकर के मार्गदर्शन में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बैठक मे सर्वसम्मति से अहिल्या साहू को अध्यक्ष चुना गया। वहीं नोहरलाल साहू को उपाध्यक्ष, प्राचार्य श्री सुधाकर को सचिव, शिक्षाविद के रूप में धनसिंग वासनिक, सदस्य के रूप मे सरपंच ईश्वर लाल ठाकुर को शामिल किया गया। विषय विशेषज्ञ हेमलता पटेल को चुना गया। सदस्य अंकालूराम पटेल, देवेन्द्र पटेल, चुरामन साहू, लोकेश साहू, लेखराम भुआर्य, कमलेश देवांगन, गंगा साहू, रोहिणी ठाकुर, तुलेश्वरी देवांगन, प्रमिला ठाकुर, पंचबती ठाकुर, उमेश्वरी यादव, खुशबू साहू को बनाया गया है। तत्पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सायकिल वितरण किया। इस अवसर पर व्याख्याता निमिषा भुआर्य, दुष्यंत साहू, माधव ठाकुर, एसलाल साहू, मन्नूराम ठाकुर, रवि मार्कंडेय, भूपेन्द्र साहू, बीरेन्द्र देहारी, पुष्पारानी कन्नौजे, निर्मला सूर्यवानी, शोभा खरखटे, ममता साहू, आरती धनेन्द्र आदि मौजूद थे।

# 800 करोड़ खर्च के बाद भी अधर में रेल परियोजना

## क्षेत्र का विकास थमा, लोगों में बढ़ रही निराशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़- कटघोरा नई रेल लाइन का काम आगे बढ़ने का नाम नहीं ले रहा है। करीब 800 करोड़ रुपए खर्च और प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं होने से लोगों में निराशा बढ़ रही है। नागरिकों का कहना है कि लगातार देरी से विकास, व्यापार और रोजगार की संभावना प्रभावित हो रही है।

उल्लेखनीय है कि इस रेल परियोजना से डोंगरगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों को बेहतर रेल संपर्क मिलने की उम्मीद थी। इससे यात्रियों को सुविधा मिलती साथ ही व्यापार, उद्योग, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलने की संभावना थी लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी यह परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई है।

### सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों ने केंद्र और राज्य सरकार से परियोजना में आ रही बाधाओं को दूर कर जल्द से जल्द निर्माण शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि डोंगरगढ़- कटघोरा रेललाइन केवल एक परिवहन परियोजना नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास की आधारशिला साबित हो सकती है।



### व्यापार और उद्योग पर असर

व्यापारियों का कहना है कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी के अभाव में क्षेत्र का औद्योगिक और व्यवसायिक विकास प्रभावित हुआ है। माल परिवहन की लागत अधिक होने से स्थानीय उत्पादों को दूर के बाजारों तक पहुंचाने में कठिनाई होती है।

### नौ साल पहले भूमिपूजन

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ कटघोरा रेल लाइन की स्वीकृति के बाद जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भूमिपूजन किया गया था। भूमिपूजन के नौ वर्ष बाद भी परियोजना निर्माण के चरण तक नहीं पहुंच सकी।

### भूमि अधिग्रहण बनी बड़ी वजह

परियोजना में देरी का प्रमुख कारण भूमि अधिग्रहण संबंधी विवाद, किसानों की आपत्तियां, मुआवजे से जुड़े मुद्दे, प्रशासनिक प्रक्रियाएं तथा समय-समय पर हुए नीतिगत बदलाव हैं। वर्ष 2025 तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार परियोजना पर लगभग 800 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर न तो ट्रैक बिछाने की शुरूवात हुई है और न ही अन्य निर्माण गतिविधियां दिखाई दे रही हैं। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हो सकी है।

## गोह, वाटर हेन और तीतर सहित अन्य सामान जब्त

# वन्य जीव की तस्करी, वन विभाग ने पकड़े दो आरोपी

## कार्रवाई से तस्करों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

वनांचल क्षेत्र में वन्य प्राणियों की तस्करी का खुलासा हुआ है। इस मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई के बाद तस्करी में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार खैरागढ़ वनमंडलाधिकारी के मार्गदर्शन और उप वन मंडलाधिकारी गंडई के निर्देशन में वन विभाग की टीम ने वन्यजीव तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। वन विभाग की टीम ने अनुसूची-1 में शामिल संरक्षित जीव मॉनिटर लिजर्ड (गोह) के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 22 जुलाई तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।



### जीवित वन्य प्राणी बरामद

वन परिक्षेत्र अधिकारी संजीत मरकाम ने बताया कि विभाग द्वारा वन्यजीव संरक्षण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गत 8 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम मानपुर पहाड़ी निवासी बिहारी पिता भुरू पारधी और सुरेश पिता बिहारी पारधी को पल्सर मोटरसाइकिल से वन्यजीवों का अवैध परिवहन करते पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से एक जीवित इंडियन मॉनिटर लिजर्ड गोह, एक जीवित वाटर हेन और एक जीवित तीतर बरामद किया गया। आरोपियों से शिकार में प्रयुक्त जाल, फंदा, चाकू और मोटरसाइकिल जब्त किया गया है।

### आरोपियों को भेजा जेल

*वन विभाग ने आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 48-क, 49 एवं 51(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। गत 9 जुलाई को दोनों आरोपियों को स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी संजीत मरकाम के साथ वनपाल सदाराम जंघेल, विकास हिरणवार, वनरक्षक अरशद कुरैशी, धर्मेंद्र साहू, हेम सिंह ठाकुर, प्रेम सागर सिदार, अजय रात्रे, अनिल गेंदले आदि शामिल थे।*

# गोल्ड मेडल के साथ पहुंची गीतांजलि का भव्य स्वागत



- नेपाल में अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

विद्या श्री विजडम स्कूल के संचालक तरूण चौधरी की पुत्री गीताजंली चौधरी का गुरुवार को आगमन हुआ। ग्राम पहुंचने पर उनका बैड बाजे और फूलों की बरसात कर स्वागत किया गया।

बरसते पानी के बीच विधायक इंद्रशाह मंडावी ने रैली में शामिल होकर पैदल ग्राम का भ्रमण किया।कार्यक्रम स्थल पर विधायक श्री मंडावी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, जनपद सदस्य साहिदा खान, विधायक प्रतिनिधि बालकृष्ण कुरैटी, भाजपा नेता मानसिंह टेकाम, थाना प्रभारी गणेशराम यादव, तोमन साहू, पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र देशमुख, विजय जैन मित्तल आदि मौजूद थे। विधायक मंडावी ने गीतांजलि चौधरी को उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी ने गांव की बेटी के देश का नाम रौशन करने पर प्रसन्नता जताया। जनपद सदस्य साहिदा खान ने कहा कि गीतांजलि ने स्वर्ण पदक हासिल करते हुए पूरे देश में खडगांव का नाम उंचा किया है। इस मौके पर बालकृष्ण कुरैटी, भाजपा नेता श्री टेकाम, थाना प्रभारी श्री यादव, तोमन साहू, विजय जैन मित्तल ने गीतांजलि की सफलता के पीछे पूरे परिवार की मेहनत और सहयोग रहा है। गजानंद चौधरी और जयंती चौधरी ने कहा कि हमारी पोती ने पूरे परिवार का नाम रौशन किया है। कार्यक्रम का संचालन श्री जैन ने किया।

# विद्यार्थी परिषद ने उत्साह से मनाया स्थापना दिवस



**डोंगरगांव।** नगर के युवाओं ने एबीवीपी का 78 वां स्थापना दिवस को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय जनजाति छात्रावास पहुंचकर छात्रों को परिषद के इतिहास से परिचय कराया। उन्होंने छात्रों को परिषद से जुड़कर राष्ट्र पुनर्निर्माण में सहभागिता निभाने का आव्हान किया। इस दौरान नवनीत अहीर, पंकज यादव, नोमित सोनकर, प्रिंस रजक, प्रतीक साहू, धर्मेन्द्र, रितिक, मोहित सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीएमएचओ ने किया निरीक्षण, बीएमओ ने बताया एम्बुलेंस में था पर्याप्त डीजल

**डोंगरगांव।** सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण कर भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह ठाकुर की मौत के संबंध में जानकारी ली।



बीएमओ डॉ. रागिनी चंद्रे ने बताया कि श्री ठाकुर को देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बेहोशी की हालत में लाया गया था। उनका ब्लड प्रेशर एवं पल्स अत्यन्त कम हो गया था, जिसकी जानकारी परिजनों को दी गई। ईलाज के दौरान मरीज कुछ समय के लिए चेत अवस्था में आए किन्तु जब रेफर करने पेपर तैयार किया जा रहा था तभी उन्हे उल्टी होने एवं हार्ट अटैक के कारण उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डीजल एवं वाहन चालक सहित दो एम्बुलेंस उपलब्ध थीं। मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन से कोई शिकायत नहीं की है।

# गांव के विकास में सचिव की भूमिका अहम

**डोंगरगढ़।** मुसराखुर्द के बूढ़ादेव परिसर में गत दिनों पंचायत सचिव स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा थी। अध्यक्षता सीईओ भगवती साहू ने की। विशेष अतिथि जनपद सभापति सुरेश वर्मा, सीके कुजुर, सरपंच संघ अध्यक्ष कमलेश्वर वर्मा, जनपद सदस्य सीमा साहू, सरपंच गायत्री टेम्बुरकर थी। अतिथियों ने मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया।

सचिव संघ के संचालक मोरध्वज साहू ने पंचायत सचिव स्थापना दिवस के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई 2007 सचिवों के लिए वह ऐतिहासिक दिन रहा, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने वेतनमान और जिला पंचायत के माध्यम से भर्ती की घोषणा की थी। इसके बाद वर्ष 2018 के बजट में 15 वर्ष से अधिक सेवा वाले पंचायत सचिवों के लिए 5200-20200 रुपए वेतनमान के साथ 2400 रुपए ग्रेड पे लागू किया गया।संघ के अध्यक्ष राजाराम उइके एवं केदान सिन्हा ने सचिवों की भूमिका, सेवा परिस्थितियों तथा संगठन की मांगों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर सरिता श्रीवास ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।



### सचिव होते हैं शासन की रीढ़

सीईओ भगवती साहू ने पंचायत सचिवों को प्रशासन की रीढ़ बताते हुए कहा कि वह योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और उनका क्रियान्वयन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सचिवों से जनहित में पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। जनपद पंचायत सभापति सुरेश वर्मा ने कहा कि पंचायतों में आने वाली समस्याओं और उनके व्यावहारिक समाधान की समझ पंचायत सचिवों से बेहतर किसी को नहीं होती। मुख्य अतिथि श्रीमती सिन्हा ने कहा कि विकास के लिए समन्वय बनाकर कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने जनपद पंचायत के तत्वावधान में स्थापना दिवस को भव्य रूप से आयोजित करने की घोषणा की। मुसरा की सरपंच श्रीमती टेम्बुलकर ने भी संबोधित किया।

### बच्चों और पालकों का सम्मान

कार्यक्रम में सचिव परिवारों के मेधावी बच्चों, एवं उनके पालकों को अतिथियों ने सम्मानित किया गया। आगामी छह माह से एक वर्ष के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले सचिवों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर धर्मपाल वर्मा, योगेश वर्मा, कोमल वर्मा, मोहित साहू, वीरेंद्र साहू, एन प्रसाद शर्मा, जयंती सिन्हा, वंदना मेश्राम, दशोदा सिन्हा, केदान सिन्हा, योगेश चंद्रवंशी, बालक दास, थानूराम बोसोने, किशन नंदेश्वर, अमित वर्मा, नारद सोनवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिद्धचक्र विधान का भक्तिभाव के साथ समापन

# विश्व कल्याण के लिए दी आहूतियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर में पिछले आठ दिनों से चल रहा सिद्धचक्र महामंडल विधान शुक्रवार को पूर्णाहूति के साथ संपन्न हुआ।

इस धार्मिक अनुष्ठान में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्यार्जन किया। उल्लेखनीय है कि नगर के प्रतिष्ठित चौधरी परिवार द्वारा 3 जुलाई से 10 जुलाई तक यह धार्मिक आयोजन किया गया था। अंतिम दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। प्रतिष्ठाचार्य राजेंद्र भैया के निर्देशन में विधि-विधान से मांगलिक क्रियाएं संपन्न कराई गईं।

मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच मुख्य वेदी अर्घ्य समर्पित किए गए। इसके पश्चात विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें यज्ञनायकों और श्रावकों ने शुद्ध वस्त्र धारण कर घी और हवन सामग्री से मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां दीं।

### रथयात्रा और समवशरण दर्शन

महायज्ञ की पूर्णाहूति के बाद श्री जी की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा, उसके पीछे मांगलिक कलश लिए महिलाएं और भजनों पर झूमते श्रद्धालु चल रहे थे। इंद्र-इंद्राणियों के भेष में सजे श्रावक-श्राविकाएं आकर्षण का केंद्र रहे। रथयात्रा मंदिर से शुरू होकर इंदिरा गार्डन, पुराने बस स्टैंड, अंबागढ़ चौकी रोड, फव्वारा चौक, चंडी मंदिर, सदर लाइन होती हुई पुनः मंदिर पहुँची, जहाँ भगवान का अभिषेक और शांतिधारा की गई।

### जताया आभार

सिद्धचक्र मंडल विधान आयोजक भरत चौधरी, राजश्री चौधरी ने बताया कि आठ दिनों तक चले इस महोत्सव के दौरान रात्रि में आरती और तत्व चर्चा का आयोजन किया गया था। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं, महिला मंडल, युवा मंडल और सामाजिकजनों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विधायक दलेश्वर साहू, भोलारम साहू, देशराज जैन, जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु, सत्यनारायण गांधी, स्वरूपचंद जैन, दिनेश नखत, भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू, एल्डरमैन गुलशन हिरवानी, रौशन यदु, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, किशोर बोहरा, रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, सतीश पांडेय, मनोज हेमनानी, महेश्वर साहू, प्रियंक जैन, राजा जैन, सतीश जैन, राहुल जैन, जिला महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हिना जैन आदि ने उपस्थिति दर्ज कराकर पुण्यार्जकों के भावों की अनुमोदन किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ई-ऑफिस प्रणाली से जुड़ेंगे जनप्रतिनिधि

**मोहला।** ई-ऑफिस प्रणाली का विस्तार करते हुए शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सीजी ऑथ आईडी बनाने के निर्देश दिए हैं। समस्त विभागों को सीजी ऑथ आईडी बनाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा जिला एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष, सरपंच, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद की भी आईडी बनाया जाना है ताकि पारदर्शिता बढ़े। सभी कर्मचारियों को आई गॉट के माध्यम से ट्रेनिंग दिया जाना प्रस्तावित है।

### लाइवलीहुड कॉलेज का निरीक्षण



**मोहला।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं एवं महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए लाइवलीहुड कॉलेज में सिलाई प्रशिक्षण के नवीन बैच का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने कॉलेज का निरीक्षण कर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि कौशल विकास आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से युवा और महिलाएं न केवल रोजगार प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

### आईटीबीपी कैंप में शुरू होगा आत्मानंद स्कूल

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति तथा मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मानपुर स्थित आईटीबीपी कैंप के रिक्त भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षों का अवलोकन करते हुए सफाई, पेयजल, विद्युत तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि वहां शीघ्र ही स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने बैठक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### कांग्रेस संगठन की मजबूती पर जोर



**छुरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक गत दिनों साहू भवन में आयोजित की गई जिसमें विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। बैठक में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। विधायक साहू ने संगठन की एकजुटता पर जोर दिया और कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए कार्यकर्ताओं को लोगों की समस्याओं के समाधान करने आगे आना चाहिए। बैठक में जिला अध्यक्ष विपिन यादव, पूर्व विधायक छन्नी साहू, प्रताप धावड़े, धर्मेंद्र साहू, राजकुमारी सिन्हा, सीमा यादव, रितेश जैन, राहुल तिवारी, पूरन नेताम, अब्दुल खान, अमित अग्रवाल, देव पन्द्रों, लालचंद साहू सहित अन्य शामिल हुए। बैठक के दौरान संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा क्षेत्रीय विकास और जनसमस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

### बैठक 14 को

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा की मासिक बैठक 14 जुलाई को स्थानीय पेंशनर्स भवन में आयोजित की गई है। बैठक में पेंशनर्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार किया जाएगा। बैठक में सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालयों के लंबित प्रकरणों की जानकारी सदस्यों को दी जाएगी।

# नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई, दो दिन में 143 से वसूला जुर्माना

**शहर में ट्रैफिक जाम के हालात के बीच पुलिस ने शुरू की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के व्यस्ततम इलाकों में नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों पर यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई अभियान चलाया गया। जिसके तहत दो दिनों में 143 वाहनों पर कार्रवाई करते 59,000 का जुर्माना लगाया गया।

ज्ञात हो कि शहर के व्यस्ततम इलाकों में अव्यवस्थित रूप से नो-पार्किंग जोन में वाहनों को खडी किए जाने से आवागमन करने में आम लोगों को परेशानी होती है। वहीं दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिसे देखते हुए राजनांदगांव पुलिस द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख सर्विस रोड एवं व्यस्त बाजार क्षेत्रों में नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की गई।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरत्न कश्यप के नेतृत्व में की गई।व शिष अभियान के दौरान शहर के विभिन्न सर्विस रोड एवं बाजार क्षेत्रों में नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े पाए गए वाहनों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत चालानी कार्रवाई की गई। वाहन चालकों को सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करने, निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई।

**59 हजार शुल्क वसूल**

*विगत दो दिनों के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 143 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते 59,000 (उनसठ हजार रुपए) का समन शुल्क वसूल किया गया। यातायात पुलिस द्वारा शहर के समस्त व्यापारियों से अपील की गई है कि वे अपने प्रतिष्ठानों हेतु माल की लोडिंग एवं अनलोडिंग निर्धारित समय के अनुसार ही कराएं। जिससे बाजार क्षेत्र में अनावश्यक यातायात बाधित न हो।*



**उल्लंघन पर होगी कार्रवाई**

*साथ ही सभी दुकानदारों एवं नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि अपने तथा अपने ग्राहकों के वाहन केवल व्हाइट पार्किंग पट्टी (निर्धारित पार्किंग क्षेत्र) के भीतर ही खड़ी कराएं। जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें तथा नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न न करें।*

## कबाड़ की तरह पड़ा है 5860 गरीब मजदूरों का टिफिन

# योजना में सुस्ती, एक दशक से सरपंच सदन बना टिफिन गोदाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

**2016-17 के हितग्राही, 2026-27 में भी इंतजार**

जनपद पंचायत में मुख्यमंत्री मनरेगा मजदूर टिफिन वितरण योजना की तस्वीर सरकारी योजनाओं की सुस्ती की कहानी बयां कर रही है। 2016-17 में मनरेगा के ऐसे परिवारों को टिफिन डिब्बा दिया जाना था, जिनके सदस्य ने 30 दिन या उससे अधिक रोजगार प्राप्त किया था।

राज्य शासन से जनपद को 15 हजार 220 टिफिन डिब्बा मिला, जिसमें 9 हजार 360 का वितरण हुआ जबकि 5 हजार 860 टिफिन आज भी दस साल के लंबे अरसे से वितरण का इंतजार कर रहे हैं। जिन टिफिन डिब्बों को सालो से रखा गया है, वह स्थान सरपंच सदन है। यह भवन पंचायत प्रतिनिधियों के बैठने, जनपद कार्यालय मे काम से आने वाले सरपंचों के रुकने और आवश्यक बैठकों के लिए बनाया गया था। लेकिन हजारों टिफिन डिब्बा इसी भवन में पड़े होने के कारण सरपंच सदन अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है। जनपद आने वाले सरपंचों को बैठने तक की समुचित व्यवस्था नहीं मिल पा रही है, जबकि उनका भवन सालो से सरकारी सामग्री का गोदाम बना हुआ है।

**बैठक में उठा मुद्दा, जल्द हटाने की बनी रणनीति**

हाल ही में हुई सरपंच संघ की बैठक में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठा। कई सरपंचों ने कहा कि टिफिन डिब्बों को या तो पात्र हितग्राहियों में वितरित किया जाए अथवा नियमानुसार उनका निस्तारण कर सरपंच सदन को तत्काल खाली कराया जाए। बैठक में यह भी कहा गया कि पंचायत प्रतिनिधियों के लिए बने भवन को कबाड़ घर बनाए रखना उचित नहीं है। इस संबंध में प्रशासन के समक्ष मांग रखने और आवश्यक पहल करने पर भी चर्चा हुई। जनपद पंचायत के रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण शेष टिफिन का वितरण नहीं हो सका। बाद में कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मार्गदर्शन मांगा गया, लेकिन वर्षों बाद भी कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पाया। नतीजा यह है कि एक दशक बीतने के बाद भी सामग्री गोदाम में पड़ी है और पात्र हितग्राही अपने अधिकार का इंतजार कर रहे हैं।

**दो सरकारें बदली, लेकिन टिफिन वितरण आज भी अधूरा**

*वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने से टिफिन वितरण की प्रक्रिया रुक गई। इसके बाद राज्य में सरकार बदलकर कांग्रेस की सरकार बनी और यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी। वर्ष 2023 के अंत में फिर भाजपा की सरकार बनने के बाद भी करीब दो साल बीत चुका हैं, लेकिन जनपद पंचायत में सालो से पड़े 5 हजार 860 टिफिन डिब्बों के वितरण को लेकर अब तक कोई ठोस पहल सामने नहीं आई। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जब सरकारें बदल गईं, अधिकारी भी बदलते रहे, तब भी आखिर गरीब मनरेगा मजदूरों के लिए खरीदी गई सामग्री आज तक अपने वास्तविक हितग्राहियों तक क्यों नहीं पहुंच सकी।*

**गरीबों का हक कब मिलेगा**

*जिला पंचायत के सदस्यों को भी इस पूरे मामले की जानकारी होने की बात कही जा रही है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी पहल सामने नहीं आई। सवाल यह है कि गरीब मजदूरों के लिए खरीदी गई सामग्री आखिर कब तक गोदाम में धूल खाती रहेगी। यदि पात्र हितग्राहियों तक योजना का लाभ नहीं पहुंचा तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि गरीबों के अधिकारों की अनदेखी भी मानी जाएगी। अब जरूरत इस बात की है कि जिला प्रशासन पूरे मामले का संज्ञान लेकर वर्षों से लंबित टिफिन वितरण का निर्णय करे और सरपंच सदन को उसके वास्तविक उद्देश्य के लिए खाली कराए।*

**अधिकारियों से लेंगे जानकारी**

वर्ष 2016-17 के टिफिन वितरण का मामला उनके आने से पहले का है। पूरे रिकॉर्ड की जांच और संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद ही वे इस मामले में विस्तृत जानकारी दे पाएंगे।

**- हिमांशु गुप्ता,** सीईओ जनपद पंचायत खैरागढ़

# कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी का विरोध, किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। गंडई के मुख्य तिरंगा चौक पर एकत्रित होकर कांग्रेसियों ने केंद्र और राज्य सरकार पर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया।

प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार पर विपक्ष को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर सरकार कांग्रेस की छबि धूमिल करने और नेताओं को प्रताड़ित करने का प्रयास कर रही है।

**नारों से गूंजा तिरंगा चौक**

पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए। इस दौरान विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिलाध्यक्ष कोमलदास साहू, गिरवर जंघेल, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू चंदेल, नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, गिरिराज किशोर दास, गुलशन तिवारी, संजू चंदेल, आरती महोबिया, हेमलता ठाकुर, रूखमणी देवांगन, पार्षद तामेश्वर साहू, दिलीप ओगरे, नारायण चतुर्वेदी, रितेश अग्रवाल, रमेश साहू, चेतन देवांगन, कन्हैया कुर्रे, लियाकत अली, गोवर्धन साहू, ताराचंद बंजारे, टीकम साहू, शैलेंद्र जायसवाल, अमित टंडन, क्रांति ताम्रकार, अमन सोनी, आशीष देवांगन, शैलेंद्र दुबे, मिथलेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# महापौर ने मोहारा जल संयंत्रगृह का लिया जायजा

■ पर्याप्त फिटकिरी भंडारण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने नवागत आयुक्त जीआर मरकाम के साथ मोहारा जल संयंत्रगृह का निरीक्षण कर बारिश में सभी पंप दुरूस्त कर फिटकरी एवं अन्य आवश्यक सामग्री का पर्याप्त भण्डारण के निर्देश दिए। मोहारा के 10, 17 एवं 27 एमएलडी प्लांट का आयुक्त ने निरीक्षण कर जल शोधन प्रक्रिया देखी। निरीक्षण के दौरान जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू व शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य आलोक श्रोती विशेष रूप से उपस्थित रहे।

महापौर श्री यादव मोहारा जल संयंत्रगृह के तीनों प्लांटो का क्रमशः निरीक्षण कर फिटकरी एवं सामग्री के भण्डारण की जानकारी लेकर गंदे पानी आने की भी जानकारी ली। उन्होंने पानी में क्लोरिन की मात्रा की



जॉच कराई। कार्यपालन अभियंता (संविदा) यूके रामटेके ने जानकारी दी कि शुरूआती बारिश में अत्याधिक पानी गिरने के कारण नदी में ज्यादा मटमैला पानी आता है। जिससे फिल्टर बेड में प्राबलम होती है, जिस वजह से दो दिन गंदा पानी आया, फिल्टर बेड को दुरूस्त कर लिया गया है, फिटकरी भी पर्याप्त मात्रा में है। महापौर ने कहा कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते एलम, ब्लीचिंग तथा क्लोरिन गैस व अन्य आवश्यक सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखे, मशीन आदि को दुरूस्त रखे, अतिरिक्त मोटर भी रखे, ताकि खराब होने की स्थिति में बदला जा सकें। उन्होंने कहा कि अत्याधिक बारिश से बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है, जिसे ध्यान में रखकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि पेयजल सप्लाई प्रभावित न हो। कर्मचारियों की तीनों पाली में पर्याप्त उपस्थिति हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

नवागत आयुक्त श्री मरकाम ने जल शोधन की प्रक्रिया देखी।

**लैब का किया निरीक्षण**

प्रभारी अधिकारी ने बताया कि पानी के उपचार में फिल्टर बेड का इस्तेमाल, तरल पदार्थ से ठोस पदार्थों को अलग करने के लिए किया जाता है। फिल्टर बेड के जरिये पानी को छिद्रपूर्ण माध्यम या फिल्टर से गुजारा जाता है। शुद्धिकरण पश्चात शहर के 14 टंकी में भरने के पश्चात पाईप लाइन के माध्यम से शहर में पेयजल सप्लाई की जाती है। आयुक्त ने जलशोधन की प्रक्रिया देखने के पश्चात फिल्टर प्लांट के लैब का निरीक्षण किया और विभिन्न प्रकार के टेस्ट को देख पानी की सप्लाई उचित मानक में है या नहीं की जांच कर जानकारी ली। नए आयुक्त ने प्रक्रिया देखने के पश्चात कहा कि बहुत कठिन प्रक्रिया से गुजरकर लोगों को शुद्ध पानी पिलाया जाता है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता अनुसार पानी का उपयोग करने, पानी का अपव्यय रोकने वार्डवासियों को समझाईस दी जाए। इसके अलावा उन्होंने प्लांट में सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त रखने परिसर में समुचित साफ-सफाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर दीपक खाण्डे, गरिमा वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# लोक कलाकार तीजनबाई को श्रद्धांजलि

■ लोककला को अपूरणीय क्षति बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

एक्सपर्ट जिम में 7 जुलाई को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। 5 जुलाई को छत्तीसगढ़ लोक विरासत पंडवानी गायिका तीजनबाई का निधन से भारत वर्ष सहित छग प्रदेश की लोककला एवं संस्कृति को अपूरणीय क्षति हुई है। इस अवसर पर मनीष सिंह गौतम महामंत्री राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी एवं एक्सपर्ट जिम के संरक्षक ने पद्मविभूषण तीजनबाई के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही तीजनबाई अमर रहे के जयघोष से जिम परिसर गुंजायमान हो गया। उन्होंने अपने उदबोधन में तीजनबाई का जीवन संघर्ष, साधना और समर्पण की मिशाल दी। तीजनबाई ने महाभारत की कथाओं को पंडवानी के माध्यम से सरल शब्दों में जीवंत अंदाज में प्रस्तुत किया, जो आज भी



छत्तीसगढ़ के लोगों के मन में आस्था के रूप विशिष्ट पहचान बन गया।

इस अवसर पर एक्सपर्ट जिम के संरक्षक मनीष सिंह गौतम, अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे, उपाध्यक्ष अंजू बंजारे, संयोजक कुंदन गेंडरे, मनीष टांडेकर, अभिषेक भट्टाचार्य, लता साहू, प्रिया प्रजापति, वेटलिफ्टर मेघा पाल, निकिता साहू, एलिना साहू, वर्षा लहरे, एकता बंजारे, गौरव यादव, पवन साहू, राज खरे, सूरज कन्नौजे, वंश हरिहारनों, गौरव निर्मलकर, दीपक बंजारे, पियुष सेन, दुर्गेश देशलहरे, मिथलेश साहू, विवेक यादव, डीलू साहू, आयुषी सोनकर, श्रेया, कुणाल वैष्णव, अनुज बंजारे, गौरेश, लोकेश, कुलदीप सोनी, जैन सोनकर, ईशु सोनकर, क्रिश सोनकर, सोहेब खान, पियुष साहू, रोहन यादव, यश साहू, तामेश्वर राय, रौनक सिंह, संध्या बंजारे आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी एक्सपर्ट जिम के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे ने दी।

**मनोहर गौशाला से निकाली गई समाधि यात्रा**

# वर्ल्ड रिकॉर्डधारी कामधेनु सौम्या पंचतत्व में विलीन, श्रद्धा के साथ दी गई समाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

धरमपुरा स्थित मनोहर गौशाला की वर्ल्ड रिकॉर्डधारी कामधेनु सौम्या का शुक्रवार रात लगभग 23 वर्ष की आयु में संथारापूर्वक देवलोक गमन हो गया।

अंतिम समय में उन्होंने प्रभु वाणी, णमोकार मंत्र और भक्तामर स्तोत्र का श्रवण करते हुए शांत भाव से देह त्याग किया। दोपहर में मनोहर गौशाला से उनकी समाधि यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जीरावला मनोहर जीवदया धाम में विधि-विधान के साथ उन्हें समाधि दी गई। मनोहर गौशाला में 2017 में स्थापित कामधेनु मंदिर की प्रमुख आस्था सौम्या का 54 इंच लंबी पूंछ के कारण गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था। गौशाला प्रबंधन के अनुसार उनके शरीर पर मौजूद विशेष प्रतीक चिह्नों के कारण श्रद्धालु उन्हें साक्षात कामधेनु माता मानते थे। पिछले लगभग आठ सालो में 30 हजार से अधिक श्रद्धालु उनके दर्शन के लिए पहुंचे। उनके जीवनकाल में लगभग 142 जैन साधु-साध्वियों तथा अनेक आचार्यों से मांगलिक और णमोकार मंत्र का श्रवण हुआ। प्रदेश के तीन राज्यपालों सहित अनेक संत और विशिष्ट अतिथि भी उनके दर्शन कर चुके थे।



**इसलिए थी विशेष**

गोधन के जानकारों के अनुसार सौम्या में शास्त्रों में वर्णित कामधेनु के कई लक्षण दिखाई देते थे। 54 इंच लंबी पूंछ, शरीर पर विशेष प्रतीक चिह्न और उनका विशिष्ट स्वरूप उन्हें अन्य गायों से अलग पहचान दिलाता था। इन्हीं विशेषताओं के कारण वे वर्षों तक लाखों लोगों की आस्था का केंद्र बनी रहीं।

# एनबीआईएस बोरी ने मनाई 10वीं वर्षगांठ



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी ने अपना 10वां फाउंडेशन-डे धूमधाम से मनाया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा 6 जुलाई 2016 को विधि-विधान के साथ एनबीआईएस की नींव रखी थी और आज शाला परिवार बड़े ही हर्ष के साथ अपने 11वें वर्ष के शैक्षणिक सत्र की ओर प्रवेश किया है। दस वर्षों के इस सफर को यादगार बनाने शाला में विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक की सभी कक्षाओं के लिए विषयवार बच्चों की क्षमता अनुरूप अनेक गतिविधियों को संचालित किया गया। जिसमें बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, एनबी ग्रुप के सदस्य एवं शाला कर्मचारी उपस्थित थे।

**भूतपूर्व छात्रों ने भावनाओं को किया साझा**

इसी कड़ी में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी सपत्नी एवं परिवारजनों के साथ शाला प्रांगण में शिव रुद्राभिषेक हवन पूजन कर शाला परिवार की खुशहाली की कामना की गई। 2016 में शाला ने शैक्षणिक कार्य 293 बच्चों से प्रारंभ किया गया था। वर्तमान समय में एनबीआईएस, बोरी शहर के सीबीएसई स्कूलों में अधिकतम छात्रों के उच्चतम स्तर को दर्शाते प्रथम स्थान पर है। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का मानना है कि शिक्षक को सिर्फ किताबों के अध्ययन तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि शिक्षक को एक सफल राष्ट्र निर्माण में सहायक होना चाहिए। बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार तथा नैतिक मूल्यों का ज्ञान प्रदान करने एनबीआईएस संकल्पित है। दस वर्ष के सफर को यादगार बनाने में शाला के भूतपूर्व छात्रों द्वारा अपनी भावनाओं को साझा किया गया।

## सार समाचार

### सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का पूजन

**राजनांदगांव।** श्री गणेश मंदिर मिथिलाधाम मौनी बाबा आश्रम में आज योगिनी एकादशी के उपलक्ष्य में मोनी बाबा के मार्गदर्शन से सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस पूजा में भिलाई, दल्लीराजहरा व राजनांदगांव के भक्तगण शामिल हुए। पूजा पं. देवानंद झा द्वारा संपन्न कराया गया। मुख्य यजमान श्रीमती अम्बिका देवी एवं मनोज चौधरी थे।



### दिव्यांग छात्रों को शुल्क में 50 प्रतिशत छूट

**राजनांदगांव।** अशोका आईटीआई में संचालित विभिन्न ट्रेड कोर्स जैसे कोपा, स्टेनो एवं इलेक्ट्रीशियन में भूतपूर्व सैनिक परिवारों के पुत्र-पुत्रियों तथा दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को शुल्क में 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त उक्त छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की ओर से निःशुल्क स्टडी किट भी प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले के प्रतिष्ठित अशोका आईटीआई प्रबंधन द्वारा महाविद्यालय की स्थापना की 7वीं वर्षगांठ के अवसर पर छात्र-छात्राओं को शुल्क में भारी छूट प्रदान किया जा रहा है। जिसका लाभ छात्र-छात्राएं ले सकते हैं। विदित हो कि अशोका आईटीआई में संचालित विभिन ट्रेड कोर्सों में प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं है। ग्रामीण अंचलों के निर्धन किंतु प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनके 10वीं के प्राप्तांकों के आधार पर भी शुल्क में छूट प्रदान की जा रही है।

### संक्रामक बीमारी से बचने महापौर ने की अपील

**राजनांदगांव।** मौसमी बीमारी डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों को फैलने रोकथाम व बचाव हेतु सावधानी बरतने, घरों एवं आसपास साफ-सफाई रखने महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपील की है। बरसात में मौसमी बीमारी डेंगू, मलेरिया तथा अन्य संक्रामक बीमारी फैलने की संभावना बनी रहती है, जिसे ध्यान में रखते महापौर श्री यादव ने नागरिको से कहा कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। पानी छानकर व उबालकर पीये, खाद्य पदार्थो को ढंककर रखे, ताजे फल व सब्जी का उपयोग करें। सर्दी-बुखार होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में संपर्क कर तुरंत ईलाज कराएं। उन्होंने कहा कि सावधानी बरतकर ही हम स्वस्थ्य रह सकते हैं।



### प्रस्तावित नियमों का कड़ा विरोध

**राजनांदगांव।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष शकील रिजवी ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा अंतर धार्मिक निकाह के संबंध में प्रस्तावित नियम, जिनमें बोर्ड से पूर्व अनुमति लेने जैसी बात कही जा रही है, अत्यंत चिंताजनक है।



मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ऐसे प्रस्तावों पर चर्चा हो रही है। जिलाध्यक्ष श्री रिजवी ने कहा कि हमारा स्पष्ट मत है कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को कानून के दायरे में रहते अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने और अपने मौलिक अधिकारों का उपयोग करने की स्वतंत्रता देता है। यदि कोई नियम इन अधिकारों का अनावश्यक अतिक्रमण करता है, तो उसकी संवैधानिक वैधता न्यायालय के समक्ष परखी जानी चाहिए। हम यह प्रश्न उठाते हैं कि क्या किसी वैधानिक बोर्ड को ऐसा अधिकार प्राप्त है कि वह नागरिकों के वैवाहिक निर्णयों पर पूर्व अनुमति जैसी व्यवस्था लागू करे? यदि ऐसा कोई नियम बनाया जाता है, तो उसकी वैधानिकता और संवैधानिकता पर गंभीर प्रश्न खड़े होंगे।

### विस अध्यक्ष के प्रयासों से राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह के अथक प्रयासों से एक बार फिर राजनांदगांव जिले में विकास की बयार बहाई गई है।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को एक और बड़ी सौगात मिली है। उक्ताशय की जानकारी देते एवं डॉ. रमन सिंह का आभार जताते भाजपा के जिला मंत्री ऋषिदेव चौधरी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते कहा कि मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले के लिए 72.29 लाख रुपए की लागत के 17 विभिन्न अधोसंरचना निर्माण कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्यों में ग्राम ईरा में पुलिया निर्माण, मनकी में मुक्तिधाम निर्माण, फुलझर में अहाता निर्माण, डिलापहरी में शेड निर्माण, बरगा में गली कांक्रीटीकरण, सुरगी में शेड निर्माण एवं निर्मला घाट निर्माण, कुम्हालोरी और भंडारपुर में सीसी रोड निर्माण, आरला में सामुदायिक भवन निर्माण, कोटराभाठा में शेड निर्माण सहित कुल 17 विकास कार्य शामिल हैं। महात्मा गांधी नरेगा से अभिशरण के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राजनांदगांव जिले को 3 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की भी स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेडेसरा एवं डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम भैसरा में लगभग 18-18 लाख रुपए की लागत से नवीन पंचायत भवनों का निर्माण और बेलगांव (विखं डोंगरगढ़) में 14 लाख रुपए की लागत से उचित मूल्य की दुकान का निर्माण कराया जाएगा।

## पृष्ठ 09 का शेष

### खेत में धान का...

बदहवासी में उसने जो लकड़ी हाथ में रखा था, वो गीला था। वह भी करंट की चपेट में आ गया। इसी प्रकार दोनों को बचाने के प्रयास में पिपलाकछार निवासी 50 साल का धनसाय पिता तुलाराम पटेल भी करंट का शिकार हो गया। साथी मजदूरों की हालत देख सकते में आए शेष लोगों ने बिजली तार को येन-केन प्रकारेण करंट से बचते बचाते हटाया और निजी वाहन से तीनों को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां धनसाय की मौत हो गई। जबकि अन्य दोनों का इलाज जारी है।

### बिजली ऑफिस का...

एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के अलावा आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की मांग की। इसी दौरान पता चला कि घटना के बाद लाइन सुधारने गए ठेका श्रमिकों को ग्रामीणों ने घेर लिया है तो उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून हाथ में नहीं लेने की समझाइश देने पुलिस और प्रशासनिक अमला घटना स्थल की ओर दौड़ा-भागा, जहॉं आक्रोशित ग्रामीणों को कार्रवाई होने की तसल्ली देने के बाद ठेका श्रमिकों की वापसी हो पाई।

### ढाबा की आड़...

जिले में नशे एवं अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत 9 जुलाई को पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ को ग्राम कोहका स्थित बिहार-पटना ढाबा में ढाबा संचालक द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री की मुखबीर सूचना मिली। आरोपी द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करना पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, सहायक उपनिरीक्षक. चुन्नी लाल साहू, आरक्षक चंद्रशेखर यादव, आरक्षक थलेश देशमुख, आरक्षक मिथुन वर्मा सहित पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ के स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## कृषि विभाग ने दी किसानों को सलाह

# 15 हजार एकड़ मिलने से धान से ज्यादा वैकल्पिक फसलों से मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ सीजन में जिले में सामान्य से अधिक वर्षा होने के बावजूद कृषि विभाग ने किसानों को असिंचित एवं ऊंचाई वाली भूमि में धान की खेती करने से बचने और उसकी जगह वैकल्पिक फसलों को अपनाने की सलाह दी है।

विभाग का कहना है कि ऐसी भूमि में धान की तुलना में अरहर, उड़द, मूंग, सोयाबीन, मक्का और कपास जैसी फसलें अधिक लाभदायक साबित होती है। इन फसलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन द्वारा पीएम-आशा कृषक उन्नति योजना के तहत 15,000 प्रति एकड़ प्रोत्साहन सहायता भी दी जा रही है।कृषि विभाग के अनुसार जिले में अब तक करीब 1700 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष के समान अवधि की तुलना में लगभग 200 मिमी अधिक है। इसके बावजूद विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल अच्छी बारिश को देखकर असिंचित क्षेत्रों में धान की बुवाई करना उचित नहीं होगा। किसानों को अपनी भूमि की जलधारण क्षमता, मृदा की प्रकृति और कृषि वैज्ञानिकों की अनुशंसाओं के अनुरूप ही फसल का चयन करना चाहिए।



### कम पानी में बेहतर उत्पादन

*कृषि विभाग का कहना है कि राजनांदगांव जिले की बड़ी संख्या में भर्री एवं ऊंचाई वाली भूमि ऐसी है, जहां वर्षा का पानी लंबे समय तक नहीं ठहरता। ऐसी परिस्थितियों में धान की फसल को पर्याप्त नमी नहीं मिल पाती। इसके विपरीत दलहन, तिलहन एवं अन्य वैकल्पिक फसलें कम पानी में भी बेहतर उत्पादन मिलता है।*

### गारंटी के साथ मिलेगा दाम

*केंद्र सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए अरहर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8,000, मूंग का 8,768, उड़द का 7,800 और सोयाबीन का 5,328 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। इन फसलों की खरीदी पीएम-आशा योजना के तहत की जाती है। जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने की गारंटी रहती है।*

### अरहर-मूंग से लाभ

विभाग द्वारा किए गए फसल कटाई प्रयोगों के अनुसार असिंचित भूमि में धान की औसत पैदावार 8 से 10 क्विंटल प्रति एकड़ रहती है। जिससे किसानों को लगभग 19,500 से 24,400 प्रति एकड़ सकल आय मिलती है। वहीं अरहर से 32 हजार से 40 हजार, मूंग से 26 हजार से 35 हजार, उड़द से 23 हजार से 31 हजार तथा सोयाबीन से 26 हजार से 37 हजार प्रति एकड़ तक संभावित सकल आय प्राप्त हो सकती है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ खेती का जोखिम भी कम होता है।

### बढ़ती है उर्वरता शक्ति

दलहन और तिलहन फसलें मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, जल संरक्षण करने और जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिम को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके विपरीत असिंचित क्षेत्रों में धान की खेती वर्षा पर पूरी तरह निर्भर रहती है और बारिश कम होने पर किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। - **टीकम ठाकुर,** उपसंचालक, कृषि

# छेड़छाड़, घर में घुसकर मारपीट, तीन पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ एवं मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते गिरफ्तार किया है।

■ मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी मोहारा क्षेत्र अंतर्गत 20 जून को एक पीड़ित महिला द्वारा चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 19 जून की रात्रि लगभग 9 बजे आरोपी ईश्वर साहू, निर्मल साहू व एक अन्य उसके घर में जबरन प्रवेश कर गए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते उसके परिवार के संबंध में आपत्तिजनक आरोप लगाए। इसी दौरान आरोपी ईश्वर साहू ने पीड़िता का हाथ पकड़कर उसकी साड़ी खींची तथा अन्य आरोपियों ने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### मोहारा पुलिस की कार्रवाई

*रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ चौकी मोहारा में अपराध क्रमांक 356/2026 अंतर्गत धारा 333, 296, 74, 351, 115(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, गवाहों के कथन, उपलब्ध साक्ष्यों का संकलन एवं अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी ईश्वर साहू, निर्मल साहू व एक अन्य को विधिवत गिरफ्तार कर 10 जुलाई को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।*

# चूना पत्थर का अवैध परिवहन करते हाइवा वाहन किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम करियाटोला, कोहका, मोहारा, ऑक्सीजोन, डुमरडीहकला, चवेली, सुकुलदैहान सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चूना पत्थर (गिट्टी) का अवैध परिवहन करने पर 2 हाईवा वाहनों को जब्त किया गया। इसके तहत योगेश देवांगन के स्वामित्व के हाईवा क्रमांक सीजी 08 एवी 7848से वाहन चालक वाल्मिकी साहू एवं कन्हैया लाल अग्रवाल के स्वामित्व के हाईवा क्रमांक एमएच 35 एजे 9437 से वाहन चालक विजय लांजेवार द्वारा चूना पत्थर (गिट्टी) का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना सुकुलदैहान को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मनाया काला दिवस, कलेक्टोरेट के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ट्रेड यूनियन के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने काला दिवस मनाया। कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ हल्ला बोला और अपनी मांगे पूरी करने नारेबाजी की।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन द्वारा एक दिवासीय हड़ताल करते अपनी 19 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के नाम सौंपा गया।

इस दौरान फ्लाई ओवर के नीचे सैकड़ों की संख्या में आंदोलनरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार से अपने वादे पूरे करने मांग की।



### जेल भरो आंदोलन की चेतावनी

*अपने प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी यूनियन की सचिव चित्रलेखा साहू ने कहा कि लंबे समय से नियमितीकरण, मानदेय बढ़ोततरी, पेंशन, श्रम कानून का पालन करने सहित अन्य मांग की जा रही है, लेकिन सरकार द्वारा मांगे पूरी नहीं करने से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अन्य प्रदेशों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं से 4 घंटे काम लिया जाता है। छत्तीसगढ़ में 6 घंटे काम करना पड़ रहा है। इस प्रदर्शन के बाद भी अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो 10 अगस्त को जेल भरो आंदोलन किया जाएगा।*

### मासिक वेतन बढ़ोत्तरी और पेंशन की मांग

*आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी के तौर पर नियमित करने, कार्यकर्ताओं को 41 हजार और सहायिकाओं के लिए 35 हजार न्यूनतम मासिक वेतन देने, 18 हजार की न्यूनतम मासिक पेंशन, चार श्रम कानूनों को वापस लेने, डिजिटल काम के लिए डेटा पैक के साथ अच्छी क्वालिटी के टैबलेट दिए जाने, पोषण ट्रैकर ऐप के नाम पर कार्यकर्ताओं को परेशान करना बंद करने, 10 प्रतिशत सालाना वेतन वृद्धि, सवेतन चिकित्सा अवकाश, ग्रीष्मकाल और शीतकाल की छुट्टियां देने सहित अन्य मांगे रखी है।*

# राजस्व प्रकरण का मामला, कार्रवाई में विलंब, किसानों में आक्रोश

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव क्षेत्र के कुछ किसानों द्वारा अपनी कृषि भूमि को गिरवी रखकर कर्ज लेने के बाद, कर्ज की यदायगी की गई। इस दौरान किसानों से धोखाधड़ी करते उनकी जमीन रजिस्ट्री कराये जाने का प्रकरण राजस्व न्यायालय में चल रहा है। इस प्रकरण में देरी के चलते किसानों में नाराजगी है। जिसको लेकर किसानों ने पूर्व विधायक छन्नी साहू के साथ एसडीएम को ज्ञापन देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।



धोखाधड़ी करते किसानों की जमीन रजिस्ट्री कराने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर किसानों को भूमि वापसी करने मांग की गई है। इस मामले में किसानों द्वारा वर्ष 2023 को प्रकरण प्रस्तुत किया गया। पीड़ित किसानों ने बताया कि आज दो वर्ष नौ माह में 96 पेशी हो गई है। जिसमें आवेदक पक्षकारों का प्रतिपरीक्षण पूर्ण हो चुका है और अनावेदकगण को सुनवाई 11 मई और 25 मई वर्ष 2026 को साक्ष्य प्रस्तुत करने का आदेश पारित किया जा चुका था, लेकिन अनावेदकगण की ओर से 22 जून 2026 तक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि अनावेदगण की ओर से न्यायालय के आदेशों एवं नियमों की अवहेलना किया जा रहा है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव द्वारा पेशी उपरांत 13 जुलाई तक विलंब प्रकरण का निराकरण करने हेतु समस्त किसानों को आश्वासन दिया गया था, किन्तु अब अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव का स्थानातरण जिला कार्यालय में किया गया है। इससे किसानों को न्याय मिलने कि आशा थी, वो भी अब खत्म होती नजर आ रही है।

# आज से विस अध्यक्ष जिले के प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 11 एवं 12 जुलाई को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह 11 जुलाई को सुबह 10.30 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। विस अध्यक्ष दोपहर 12.15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बाटगांव पहुंचकर वृक्षारोपण एवं निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे।



विस अध्यक्ष दोपहर 1.45 बजे ग्राम बाटगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 5.25 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम पहुंचकर प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 6.25 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 6.35 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा।

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 12 जुलाई को सुबह 11.50 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे मंडी परिसर राजनांदगांव पहुंचकर मंडी बोर्ड द्वारा स्वीकृत कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विस अध्यक्ष दोपहर 1 बजे मंडी परिसर राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विस अध्यक्ष दोपहर 2.50 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम पहुंचकर छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। विस अध्यक्ष शाम 4 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेंगा। विस अध्यक्ष शाम 4.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा स्पीकर हाऊस रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## 15 दिन से हड़ताल पर थे जिलेभर के सरपंच

# सीईओ का तबादला, आंदोलन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर के ट्रांसफर के साथ मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में पिछले 15 दिनों से जारी सरपंचों का आंदोलन आखिरकार समाप्त हो गया है। जिला और जनपद पंचायत की कार्यशैली से नाराज 185 सरपंचों ने अब अपने-अपने पंचायतों में लौटकर विकास कार्य शुरू करने का ऐलान किया है।

वन विभाग के विश्राम गृह में आयोजित पत्रकारवार्ता में सरपंच संघ ने आंदोलन समाप्त करने की औपचारिक घोषणा करते इसे जिले की जनता, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की जीत बताया। सरपंच संघ के अनुसार जिले के 185 सरपंच बीते 15 दिनों से पंचायतों के विकास कार्यों में आ रही बाधाओं और जिला एवं जनपद पंचायत की कार्यप्रणाली के विरोध में आंदोलन कर रहे थे। संघ का आरोप था कि प्रशासनिक व्यवस्था के कारण पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और जनप्रतिनिधियों को अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा था। इसी मांग को लेकर सरपंच संघ का प्रतिनिधि मंडल रायपुर पहुंचा था, जहां विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर जिला पंचायत के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को हटाने की मांग रखी गई थी। इसके बाद जिला पंचायत के तत्कालीन सीईओ का तबादला होने पर सरपंच संघ ने इसे अपनी प्रमुख मांगों पर हुई कार्रवाई मानते आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया।

### रूके हुए विकास कार्यों को देंगे गति

*वन विभाग के विश्राम गृह में आयोजित प्रेसवार्ता में सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अब सभी सरपंच अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में लौटकर रूके हुए विकास कार्यों को गति देंगे। उन्होंने शासन और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते उम्मीद जताई कि भविष्य में पंचायतों के अधिकारों का सम्मान किया जाएगा तथा विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पेंद्र भुआर्य ने कहा कि संघ ने शासन के समक्ष अपनी मांगें रखी थी और सात दिनों का अल्टीमेटम दिया था। शासन की ओर से कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद संघ ने निर्धारित समय का इंतजार किया। उन्होंने कहा कि शासन ने अपने आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई की है। जिससे सरपंच संघ संतुष्ट है। इसी कारण आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। सरपंच संघ का कहना है कि यह केवल सरपंचों की जीत नहीं, बल्कि जिले की सभी 185 ग्राम पंचायतों और वहां रहने वाले ग्रामीणों की जीत है। अब पंचायतों में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और जनहित के कार्य प्राथमिकता के साथ पूरे किए जाएंगे।*



## खबर संक्षेप

### हर्षोल्लास से मनाया खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**कवर्धा।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव शुक्रवार को चिल्फीघाटी स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) में मनाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में पालकों की उपस्थिति में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराते हुए विद्यालय परिवार में आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया। जिसमें कक्षा 9वीं की छात्राओं को शासन की योजना अंतर्गत सायकिलें प्रदान कीं। विद्यार्थियों के स्वस्थ पोषण को ध्यान में रखते हुए मध्यान्ह भोजन भी कराया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने, नवाचार अपनाने तथा अपने बेहतर भविष्य और उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे मजबूत नींव है साथ ही विद्यार्थियों को उपलब्ध सभी शासकीय योजनाओं का लाभ उठाकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में रामकिंकर वर्मा, नितेश अग्रवाल, नंद श्रीवास, अर्जुन अग्रवाल, तरुणकुमार मेरावी, छोटेलाल मरकाम, अशोक दास सोनवानी, जीवनदास सोनवानी, भानु प्रताप चंद्राकर, सीएस राजपूत, संकुल समन्वयक, जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### कन्झेटा स्कूल परिषर में किया गया पौधरोपण



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्झेटा में कुण्डा तहसीलदार सुश्री राजश्री पाण्डेय एवं नायब तहसीलदार सुश्री नेहा उके के मुख्य आतिथ्य में पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य संजय वैष्णव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस शिक्षा सत्र में भी वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा, जिसमें विभिन्न किस्मों के पौधे जैसे कदम, गुलमोहर, आम, खम्हार, छायादार और फलदार पौधा का पर्यावरण संतुलन हेतु रोपित किया गया। पौधा की उपलब्धता ग्राम के ही कलप सिंह चंद्रवंशी पर्यावरण प्रेमी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में इको क्लब के छात्र छात्राओं द्वारा पौधे को सिंचित किया गया एवं सुरक्षा का संकल्प लिया। पौधे की सुरक्षा हेतु जालीतार की व्यवस्था सरपंच भागीरथी सोनवानी एवं उपसरपंच संजय चंद्रवंशी के द्वारा किया गया। वहीं भुलाऊं चंद्रवंशी समिति सदस्य ने छात्र छात्राओं को पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षों की महत्व को समझाया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक परमेश मरावी, नरेश ठाकुर, अर्जुन चंद्रवंशी, निलेश कुम्भकार, श्रीमती शिवानी दिनेश, हेमेंद्र शर्मा, मोहन शर्मा एवं सभी स्टाफ उपस्थित थें। समिति अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, डॉ परस चंद्रवंशी, मुरली चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, बबलू, डाकोर साहू, अरुण साहू, जगदीश साहू का विशेष सहयोग रहा।

### पीएम फसल बीमा राशि में देरी, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**कोलेगांव।** कबीरधाम में छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की लंबित राशि जारी करने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि कटी हुई चना फसल का बीमा दावा करने वाले किसानों की राशि राज्य सरकार की 50 प्रतिशत अनुदान राशि जारी नहीं होने से अटकी हुई है। महेंद्र कौशिक और जलेश्वर राजपूत ने चेतावनी दी कि जल्द भुगतान नहीं होने पर संगठन बड़ा आंदोलन करेगा। बगदई, गोछिया, गैदपुर, गोरखपुर समेत सैकड़ों गांवों के किसान प्रभावित हैं।

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, Govind Shrivas S/o Ganga Ram Shrivas R/o H no.00,marar para 8,village badradeeh kawardha, Badaradeeh, Maharajpur, Kabeerdham, Chhattisgarh, 491995 have change the name of my minor daughter Aakancha Shrivas aged 11 Years and she shall hereafter be known as Aakanksha Shrivas.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Govind Shrivas
[Signature of Guardian]

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, Derha Meravi S/o Jagdev Netam R/o amaraudi, Amraudi, PO. Rajanawa Gaon, DIST. Kabeerdham, Chhattisgarh -491995 have change the name of my minor son Peetam Meravi aged 13 Years and he shall hereafter be known as Preetam Meravi.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Derha Meravi
[Signature of Guardian]

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से विवाद हुआ खत्म

# पोंड़ी की 7 एकड़ आबादी भूमि से वक्फ बोर्ड ने अपना दावा छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के ग्राम पोंड़ी की वर्षों पुरानी आबादी भूमि से जुड़े वक्फ विवाद के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पाण्डेय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके हस्तक्षेप से लंबे समय से लंबित विवाद के समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार खसरा क्रमांक 293/1 में पूर्व में मस्जिद के लिए लगभग 2,500 वर्गफुट भूमि दर्ज थी, लेकिन बाद में अभिलेखीय त्रुटियों के चलते करीब 7 एकड़ क्षेत्र पर वक्फ बोर्ड का दावा दर्ज हो गया।

इससे वर्षों से यहां निवासरत परिवारों को नामांतरण, होम लोन, भवन निर्माण अनुमति और अन्य राजस्व कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि तत्कालीन समय में इस भूमि को वक्फ बोर्ड में शामिल किए जाने संबंधी ईश्तहार जारी होने के बाद उन्होंने बड़ी संख्या में आपत्तियां किए थे। उनका दावा है कि इस भूमि पर डेढ़ से दो सौ वर्षों से आबादी बसी हुई है तथा शासन द्वारा आबादी पट्टे भी जारी किए जा चुके हैं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज को ग्राम पोंड़ी भेजकर स्थल निरीक्षण कराया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद आयोजित सभा में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।



**ग्रामीणों ने आपसी भाईचारे और विश्वास को मजबूत करने वाला कदम बताया**

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आवश्यक राजस्व एवं विधिक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी कर आबादी भूमि से जुड़े सभी प्रतिबंध हटाए जाएं, ताकि वर्षों से निवासरत परिवारों के अधिकार विधिसम्मत रूप से सुरक्षित हो सकें और भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ सलीम राज सहित सहयोग करने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाज के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल न केवल भूमि विवाद के समाधान की दिशा में अहम कदम है, बल्कि सामाजिक समरसता और प्रशासन के प्रति जनविश्वास को भी मजबूत करेगी।

### चिरायु टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

चिरायु टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर, अस्वच्छ दांत-स्वच्छ करने, बढ़े नाखून व बढ़े बाल को कटवाने व स्वास्थ्य-स्वच्छता के लिए जागरूक किया, सीएचसी-पिपरिया के दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश पैकरा ने तम्बाकू व तम्बाकू उत्पाद के सेवन से आगाह करते हुए कहा कि तम्बाकू के सेवन से मुंह व पेट का कैंसर होने व दांतों के सड़ने व दांतों को सर्वाधिक नुकसान होने की जानकारी दी तथा सभी बच्चों को जागरूक करने, पोस्टर-बैनर से विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई।

सीएचसी पिपरिया की आयुष चिकित्सा अधिकारी, डॉ वेणु किरण महंत ने वर्षा जनित रोगों से बचाव के उपाय बताया। प्राचार्य चंद्रप्रकाश जांगड़े ने तम्बाकू सेवन नहीं करने हेतु शपथ दिलाई, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रवेन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने नशे को नाश का जड़ बताया। एएलटी स्काउट मास्टर हेमधर साहू ने तम्बाकू छोड़ो-जीवन से नाता जोड़ो, नो स्मोक इत्यादि नारों से तम्बाकू का सेवन नहीं करने की बात को रोचक ढंग से रखा तथा बच्चों का वजन, ऊंचाई की माप व दांतों की स्वच्छता इत्यादि की जांच, करने में जयन पटेल दंत सहायक व एएनएम वर्षा तिवारी, एमएलटी अजय कुर्रे तथा स्वास्थय परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# आंदोलन के बाद गन्ना भुगतान ने पकड़ी रफ्तार, 4.76 करोड़ की नई किस्त जारी

## 8050 किसानों को अब तक 25.83 करोड़ का भुगतान, आंदोलन के बाद दिखा असर



**आंदोलन के बाद बनी सहमति का दिखा असर**

गन्ना भुगतान, खाद उपलब्धता और अन्य मांगों को लेकर किसान संगठनों ने हाल ही में पंडरिया स्थित शक्कर कारखाने के सामने आंदोलन किया था। आंदोलन के दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने किसानों और कारखाना प्रबंधन के बीच चर्चा कर भुगतान को चरणबद्ध तरीके से कराने का भरोसा दिलाया था। विधायक ने प्रारंभिक रूप से शीघ्र राशि जारी कराने का आश्वासन दिया था जिसके बाद किसानों ने आंदोलन स्थगित कर दिया था।

**कारखाना प्रबंधन की भुगतान प्रक्रिया जारी**

कारखाना के एमडी यूके कौशिक के अनुसार भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है। वित्तीय उपलब्धता के अनुसार शेष राशि भी चरणबद्ध तरीके से किसानों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। प्रबंधन का प्रयास है कि सभी किसानों का लंबित भुगतान जल्द से जल्द पूरा हो ताकि किसी भी किसान को आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गन्ना किसानों के लंबे समय से लंबित भुगतान को लेकर किए गए आंदोलन का सकारात्मक असर अब दिखाई देने लगा है। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया ने 7 जुलाई को 4 करोड़ 76 लाख 40 हजार 657 रुपए की राशि किसानों के बैंक खातों में जारी कर दी है। इस भुगतान से बड़ी संख्या में किसानों को राहत मिली है और शेष भुगतान भी चरणबद्ध तरीके से जल्द किए जाने की उम्मीद मजबूत हुई है। कारखाना प्रबंधन द्वारा जारी भुगतान विवरण के अनुसार पेराई सत्र 2025-26 में 8050 किसानों से कुल 12 लाख 17 हजार 216.40 क्विंटल गन्ने की खरीदी की गई। खरीदे गए गन्ने के एवज में किसानों को कुल 40 करोड़ 5 लाख 25 हजार 52 रुपए का भुगतान किया जाना है। इससे पहले कारखाना प्रबंधन द्वारा 21 करोड़ 7 लाख 45 हजार 541 रुपए किसानों के बैंक खातों में भेजे जा चुके थे। अब 7 जुलाई को 4.76 करोड़ रुपए की नई किश्त जारी होने के बाद किसानों को अब तक कुल 25 करोड़ 83 लाख 86 हजार 198 रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

यानि कुल देय राशि का लगभग 65 प्रतिशत भुगतान किसानों तक पहुंच चुका है। अब नई भुगतान राशि जारी होने के बाद किसानों में यह विश्वास बढ़ा है कि शेष भुगतान भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जल्द पूरा किया जाएगा। किसानों का कहना है कि समय पर भुगतान मिलने से खेती-किसानी के कार्यों, खरीफ सीजन की तैयारियों तथा खाद-बीज की व्यवस्था करने में उन्हें राहत मिलेगी।

### छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वाराशुक्रवार को अपने सात सूत्रीय मांगों को लेकर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में सांसदों एवं विधायकों को ज्ञापन सौंपा। इसी तारतम्य में जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा को सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। विधायक द्वारा फेडरेशन को आश्वस्त किया गया कि शिक्षकों के सभी मांगों को विधान सभा मे रखेंगे और उनके द्वारा समस्याओं को हर संभव पहल करने की बात कही गई। जिसमें मुख्य मांगे मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करना, सहायक शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करना, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त लाभ प्रदान करना, सेवारत शिक्षकों की सुरक्षा हेतु विभागीय टेट का आयोजन करना, वीएसके एप की तकनीकी समस्या दूर होते तक किसी भी शिक्षक की वेतन में कटौती न किया जाए व एकल शिक्षकीय की शाला में शिक्षकों की व्यवस्था किया जाए तथा पदोन्नति में वरिष्ठता का ध्यान रखते हुए अति शीघ्र पदोन्नति दिया जाए। इस दौरान प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष केशलाल साहू, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र चंद्रवंशी, श्रीमती अर्चना तिवारी, श्रीमती रश्मि केशरवानी, संजय साहू, रामचंद्र साहू, संजय राज, धरमु दास कुर्रे, भुवनेश्वर भट्ट, संजय घावड़े सहित शिक्षक गण सम्मिलित थें।

# बोड़ला में नकली पोटाश उर्वरक का बड़ा खुलासा



■ 10 दुकानों को नोटिस, एक और केंद्र पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

खरीफ सीजन के दौरान नकली एवं अमानक उर्वरकों के खिलाफ कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने बोड़ला स्थित मेसर्स गोलू कृषि केन्द्र से लिए गए म्यूरिएट ऑफ पोटाश (एमओपी) उर्वरक के नमूने की जांच में गंभीर अनियमितता पाई। तृतीय परीक्षण के बाद भी नमूना अमानक स्तर का मिलने पर केंद्र की उर्वरक बिक्री पर तत्काल प्रतिबंध लगाते हुए वैधानिक कार्रवाई की गई है।

कृषि विभाग के अनुसार उप संचालक कृषि अमित कुमार मोहंती एवं जिला उर्वरक नोडल अधिकारी अखिलेश दत्त दुबे के मार्गदर्शन में उर्वरक निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार यादव द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। जांच में पाया गया कि म्यूरिएट ऑफ पोटाश उर्वरक में जल घुलनशील पोटाश (केओ) निर्धारित 60 प्रतिशत के स्थान पर शून्य प्रतिशत मिला।

यह उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के प्रावधानों का उल्लंघन है तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा-3 के तहत दंडनीय माना गया। कार्रवाई के दौरान संबंधित कृषि केंद्र संचालक से करीब 5 घंटे तक पूछताछ भी की गई। विभाग ने एक अन्य उर्वरक विक्रय केंद्र की बिक्री भी प्रतिबंधित कर दी है, जबकि 10 अन्य उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिलेभर में जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। नकली अथवा अमानक उर्वरकों की बिक्री करते पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पद्मविभूषण तीजन बाई पंडवानी गायिका को दी श्रद्धांजलि

# नपं को मिली निर्माण कार्यों की बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



मांगलिक भवन एवं मुक्तिधाम के व्यावसायिक परिसर उन्नयन के लिए एक करोड़ 45 लाख स्वीकृति नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी नगर पंचायत इंदौरी परिषद की बैठक में लिया गया, निर्णय सर्वप्रथम पद्मविभूषण तीजन बाई पंडवानी गायिका की आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना कर श्रद्धांजलि सभा रखा गया। नगर पंचायत इंदौरी की परिषद मे महत्वपूर्ण बैठक संपन्न नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मित्रीन मांडले की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में नगर के विकास अधोसंरचना और विकास कार्य से जुड़े कई मामलों पर चर्चा कर जन सुविधाओं के लिए प्रस्ताव पारित किया गया पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की, विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से नगर पंचायत इंदौरी मे, भारत माता चौक, कर्मा माता चौक, गुरु घासीदास चौक, सरदार वल्लभभाई चौक, सीसी रोड नाली निर्माण मिनी स्टेडियम निर्माण के साथ विकास कार्यों की सौगात मिली है, जिसका निर्माण प्रगतिरथ है विधायक द्वारा आश्वासन मिला की विकास कार्य के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं होने की संकेत दिया।

परिषद के बैठक में सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी द्वारा बताया गया कि वार्ड नंबर 14 मुक्तिधाम के उन्नयन के लिए राज्य सरकार से 45 लाख रुपए की स्वीकृति मिली साथ ही व्यवसायिक परिसर के लिए 45 लाख मांगलिक भवन के लिए 45 लाख वार्ड नंबर 10 में मुक्तिधाम उन्नयन के लिए 10 लाख रुपए मणीकंचन केंद्र के लिए 53 लाख की स्वीकृति मिली है यह राशि नगर की आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की विस्तार और सौंदर्यीकरण के लिए किया जा रहा है। जिससे नगर विकास के साथ नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी साथ ही, स्वच्छ भारत अभियान के तहत डोर टू डोर कलेक्शन करने के लिए ई रिक्शा, ऑटो टिपर, डस्टबिन की भी स्वीकृति मिल चुकी है

साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि नगर विकास की गुणवत्ता और समयबद्ध सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदारों जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का योजना बनाकर कार्य करने निर्देश दिए साथ ही अपने अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षदों के साथ मिलकर नगर विकास में योजना बनाकर कार्य करने की उद्देश्य के साथ परिषद बैठक संपन्न हुआ जिसमें विधायक प्रतिनिधि रामसुख जायसवाल उपाध्यक्ष, जसवंत कुमार साहू एवं समस्त पार्षद गण परिषद के बैठक में उपस्थित थे।



**कार्रवाई** : केंद्र प्रभारी गंगादास के घर व कार्यालय में पुलिस की छापेमारी

# धान घोटाले की जांच तेज, लोहारा केंद्र प्रभारी के ठिकानों में दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भौतिक सत्यापन के दौरान जिले के धान खरीदी केन्द्रों में सामने आए करोड़ों के धान घोटालों को लेकर अब जांच ने निर्णायक मोड़ ले लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को लोहारा धान उपार्जन केंद्र के प्रभारी गंगादास मानिकपुरी के घर और कार्यालय पर छापेमार कार्रवाई कर 16 लाख रुपए नकद, बैंक पासबुक, कंप्यूटर तथा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। अब तक इस मामले में छहः एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

कबीरधाम जिले में धान उपार्जन केंद्रों से धान गायब होने के कथित घोटाले की जांच लगातार तेज होती जा रही है। पुलिस ने अब तक इस मामले में छहः अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर जांच का दायरा बढ़ा दिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लोहारा धान उपार्जन केंद्र के प्रभारी गंगादास मानिकपुरी के घर और कार्यालय में छापेमार कार्रवाई की गई। तलाशी के दौरान पुलिस को 16 लाख रुपए नकद, बैंक पासबुक, कंप्यूटर तथा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले, जिन्हें जब्त कर जांच में शामिल कर लिया गया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई अभी जारी है। मामले में नामजद अन्य आरोपियों के घरों और कार्यालयों में भी लगातार दबिश दी जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीमें जुटी हुई हैं और उन्हें जल्द गिरफ्तार किए जाने का दावा किया गया है।

जिले में लगातार हो रही कार्रवाई से धान घोटाले को लेकर हलचल तेज हो गई है। जांच एजेंसियों का मानना है कि जब्त दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड के आधार पर मामले में आगे और महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं।



### 16 लाख रुपए नगद सहित दस्तावेज बरामद

लोहारा उपार्जन केंद्र प्रभारी गंगादास मानिकपुरी के घर और कार्यालय में हुई छापेमारी के दौरान पुलिस ने 16 लाख रुपये नगद, बैंक पासबुक, कंप्यूटर और कई अहम दस्तावेज जब्त किए हैं। जांच एजेंसियों का मानना है कि इन रिकॉर्ड से धान खरीदी और भुगतान से जुड़े लेनदेन की महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जिससे घोटाले की परतें खुलने की उम्मीद बढ़ गई है।

### पुलिस तलाश रही है घोटाले के साक्ष्य

धान घोटाले की जांच में अब तक छहः एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और कई उपार्जन केंद्र जांच के दायरे में आ चुके हैं। पुलिस लगातार आरोपियों के घरों और कार्यालयों में दबिश देकर दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड और डिजिटल साक्ष्य जुटा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जब्त रिकॉर्ड की जांच के बाद मामले में और नाम सामने आ सकते हैं।

# खेत की बाड़ में दौड़ते करंट ने फिर ली युवक की जान

## ग्राम मंझोली खेत में लगाई गई थी करंट बाड़

- मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में खेतों की सुरक्षा के नाम पर बाड़ में अवैध रूप से बिजली का करंट प्रवाहित करने की लापरवाही लगातार जानलेवा साबित हो रही है।

पांडातराई थाना क्षेत्र के ग्राम मंझोली में खेत की घेराबंदी में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में खेत की सुरक्षा के लिए बाड़ में बिजली का करंट छोड़े जाने की बात सामने आई है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान ग्राम मंझोली निवासी रामभीषण चंद्रवंशी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि खेत मालिक युनूस खान ने फसल को मवेशियों से बचाने के उद्देश्य से खेत की बाड़ में बिजली का करंट प्रवाहित कर रखा था। गुरुवार रात रामभीषण खेत की ओर गया, लेकिन उसे करंट लगे होने की जानकारी नहीं थी। खेत में प्रवेश करते ही वह बिजली की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

शुक्रवार सुबह खेत मालिक के खेत पहुंचने पर घटना का पता चला। सूचना मिलते ही पांडातराई पुलिस मौके पर पहुंची, बिजली आपूर्ति बंद कराई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस खेत मालिक से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच जारी है।




### 15 दिन में तीसरी मौत, बढ़ी चिंता

कबीरधाम जिले में पिछले 15 दिनों के भीतर करंट से मौत का यह तीसरा मामला है। इससे पहले लोहारा थाना क्षेत्र के बीरनपुर में खेत की बाड़ में लगाए गए करंट की चपेट में आने से किसान गोकरण पटेल और उनके पुत्र परमेश्वर पटेल की मौत हो गई थी। वहीं कुकदूर थाना क्षेत्र में अर्थिंग तार की चपेट में आने से एक मासूम बच्चे की जान चली गई थी। लगातार हो रही घटनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल पैदा कर दिया है।

### अवैध करंट पर सख्ती की मांग

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने खेतों की सुरक्षा के लिए बाड़ में अवैध रूप से करंट प्रवाहित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि फसलों की सुरक्षा के लिए अपनाया जा रहा यह तरीका लोगों और मवेशियों के लिए घातक साबित हो रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि प्रशासन और बिजली विभाग समय-समय पर जांच अभियान चलाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें, तो ऐसे हादसों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता दीदियां बनीं गांवों की ब्रांड एंबेसडर

**कवर्धा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले में स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से स्वच्छता दीदियां अब गांवों की ब्रांड एंबेसडर बनकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में संचालित अभियान के तहत स्वच्छता दीदियां घर-घर पहुंचकर कचरा संग्रहण के साथ-साथ ग्रामीणों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूक भी कर रही हैं। जिले में 02 अक्टूबर 2026 तक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 60 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वच्छाग्रही प्रतिदिन घर-घर जाकर अलग-अलग प्रकार के कचरे का संग्रहण कर रहे हैं तथा ग्रामीणों को स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### 31 जुलाई तक खुला रहेगा छात्रवृत्ति पोर्टल

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान करने के लिए सत्र 2025-26 का छात्रवृत्ति पोर्टल पुनः प्रारंभ किया गया है। छूटे हुए विद्यार्थियों के ऑनलाइन पंजीयन एवं सत्यापन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। सत्र 2025-26 से छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया राशन कार्ड आधारित ई-केवाईसी एवं आधार से लिंक बैंक खाते के माध्यम से की जा रही है।

# स.लोहारा के जंगल में सड़क किनारे पेड़ों की अवैध कटाई

- वन विभाग की निगरानी और गश्त पर क्षेत्रवासियों द्वारा उठाए जा रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम वन मंडल के सहसपुर लोहारा वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन चौकी बड़ौदा खुर्द के कक्ष क्रमांक 305 में इमारती सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है।

सड़क किनारे स्थित वन क्षेत्र में कटे हुए सागौन के ठूंठ और लकड़ियों के अवशेष मिलने से वन विभाग की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना स्थल पर कई दिनों से कटाई के निशान मौजूद होने के बावजूद अब तक न तो तस्करों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई हुई है और न ही किसी गिरफ्तारी की जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर सागौन के पेड़ों की कटाई की गई है, वह कोई दुर्गम जंगल नहीं बल्कि नियमित आवागमन वाला क्षेत्र है।

ऐसे में स्थानीय लोगों का आरोप है कि इतने बड़े इमारती वृक्षों की कटाई बिना संरक्षण या मिलीभगत के संभव नहीं हो सकती। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क किनारे खड़े पेड़ ही सुरक्षित नहीं हैं तो जंगल के अंदर स्थित वन संपदा की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्थानीय लोगों के अनुसार वन विभाग की गश्त और निगरानी व्यवस्था पूरी तरह निष्क्रिय नजर आ रही है।

कटे हुए पेड़ों के अवशेष लंबे समय से मौके पर पड़े होने के बावजूद विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से वन तस्करों के हौसले बुलंद हैं।



### पर्यावरण प्रेमियों व लोगों में नाराजगी

क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अवैध कटाई से पर्यावरण प्रेमियों और ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो वन माफियाओं की गतिविधियां और बढ़ेंगी तथा करोड़ों रुपए मूल्य की वन संपदा धीरे-धीरे समाप्त होती जाएगी। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि वन विभाग मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई करता है या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों तक सीमित रह जाएगा।

# जनरल परेड के बाद एकता वृक्षारोपण का भव्य अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रत्येक शुक्रवार की भांति इस बार भी न्यू पुलिस लाइन स्थित रक्षित केन्द्र जिला कबीरधाम में साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन अनुशासित एवं गरिमामय वातावरण में किया गया।

परेड की सलामी पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा ली गई। इस दौरान उन्होंने परेड का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं जवानों की टर्नआउट, अनुशासन, शारीरिक दक्षता, वर्दी की सुसज्जा तथा कार्यकुशलता का सूक्ष्म अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, समयपालन, अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश देते हुए कहा कि एक अनुशासित एवं संवेदनशील पुलिस बल ही समाज का विश्वास प्रभावी रूप से अर्जित कर सकता है।

जनरल परेड के उपरांत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर रक्षित केन्द्र, जिला कबीरधाम में एकता वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक नक्स ऑप्स कृष्ण कुमार चंद्राकर, एसडीओपी भूपत सिंह धनेश्वरी रक्षित निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह व जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तथा एनसीसी एवं स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए परिसर एवं आसपास निर्धारित स्थलों पर कुल 300 पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश में लागू किए गए नवीन आपराधिक कानून न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि कानून की सही जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचना आवश्यक है, ताकि समाज में विधि के प्रति विश्वास और जागरूकता का वातावरण निर्मित हो सके। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से कानून का सम्मान करने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# श्री राम लला दर्शन योजना से बुजुर्ग का सपना साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जीवन में कुछ इच्छाएं ऐसी होती हैं, जो वर्षों तक मन में संजोई रहती हैं। कबीरधाम जिले के ग्राम खारा निवासी 69 वर्षीय शोभनाथ सोनवानी के लिए अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला और काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करना ऐसी ही एक आजीवन अभिलाषा थी।



आर्थिक परिस्थितियों के कारण यह सपना कभी पूरा नहीं हो सका, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन की श्री राम लला दर्शन योजना ने उनकी इस मनोकामना को साकार कर दिया। शोभनाथ सोनवानी बताते हैं कि वर्षों से उनके मन में अयोध्या और काशी धाम की यात्रा करने की इच्छा थी, लेकिन संसाधनों के अभाव में यह संभव नहीं हो पा रहा था। योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने आवेदन किया और चयनित होने के बाद उन्हें निःशुल्क तीर्थयात्रा का अवसर मिला।

उन्होंने बताया कि पूरी यात्रा अत्यंत सुव्यवस्थित और सुविधाजनक रही। कबीरधाम से दुर्ग रेलवे स्टेशन तक बस, विशेष ट्रेन से अयोध्या एवं काशी की यात्रा, समय पर भोजन, नाश्ता, चाय, चिकित्सकीय सुविधा, भजन-कीर्तन तथा दर्शन स्थलों तक निःशुल्क परिवहन जैसी व्यवस्थाओं ने यात्रा को सहज, सुरक्षित और यादगार बना दिया।

श्री सोनवानी ने कहा कि प्रभु श्री रामलला और बाबा विश्वनाथ के दर्शन के बाद उन्हें आत्मिक शांति, संतोष और अद्भुत आनंद की अनुभूति हुई।

# सूबेदार, उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 12 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार, उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन 12 जुलाई 2026 को किया जाएगा।

परीक्षा कबीरधाम जिले के तीन परीक्षा केंद्रों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में जिले के कुल 1482 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

अभ्यर्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उनकी पहचान का सत्यापन फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के आधार पर किया जा सके तथा आवश्यक जांच प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य होगा। आधी बांह वाले साधारण वस्त्र पहनकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। काले, हरे, नीले, नारंगी, भूरे, जामुनी, मैरून एवं बैंगनी रंग के कपड़े तथा चेक वाले वस्त्र पहनना प्रतिबंधित रहेगा।

फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनकर आने की अनुमति होगी तथा कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना भी वर्जित रहेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधे घंटे एवं परीक्षा समाप्त होने के अंतिम आधे घंटे में परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। उत्तर अंकित करने के लिए अभ्यर्थी केवल काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन का ही उपयोग करेंगे।

डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल सुश्री रूचि शार्दुल ने सभी अभ्यर्थियों से परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। निर्देशों का उल्लंघन करने या अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर अभ्यर्थी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई

जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

# जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पूर्व प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम ने शुक्रवार को केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल के निर्देश पर आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस की बढ़ती जनस्वीकृति से घबराकर केंद्रीय एवं राज्य की जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है तथा विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने का काम कर रही है। जिला महामंत्री मनीष शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसी कार्रवाई से डरने वाली नहीं है और आने वाले समय में जनता लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी। जिला कांग्रेस सचिव गोपाल चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार राजनीतिक द्वेष की भावना से कार्य कर रही है तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अन्याय और दमन के खिलाफ लगातार संघर्ष करती रहेगी। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद से देशभर में विपक्षी नेताओं को जांच एजेंसियों के माध्यम से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी प्रकार की तानाशाही के सामने झुकने वाली नहीं है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार कांग्रेस नेताओं को एजेंसियों का भय दिखाने का प्रयास कर रही है, लेकिन कांग्रेस सत्य और संविधान की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करती रहेगी।

### केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी



प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित कार्रवाई बंद करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि विपक्षी नेताओं के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई जारी रही तो प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव वीरेंद्र जांगड़े ,कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू, लोहारा ब्लॉक सोखी साहू, बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष की छवि वर्मा, प्रदेश सचिव वीरेन्द्र जांगड़े, प्रशांत परिहार, आकाश केशवानी, बृजेश चंद्रवंशी, जलेश्वर यादव, शिवप्रसाद वर्मा, मेहुल सत्यवंशी वाल्मीकि वर्मा अमन वर्मा तुषार वर्मा शिवेंद्र वर्मा गोरेलाल चंद्रवंशी सुजल ठाकुर आशीष साहू, रूपेश साहू बिट्टू यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने एडीएम विनय पोयाम को स्मृति चिन्ह भेंट कर दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जांजगीर-चांपा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पद पर स्थानांतरण होने पर एडीएम विनय कुमार पोयाम को आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित गरिमामय समारोह में विदाई दी गई।

कलेक्टर ने श्री पोयाम को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि विनय पोयाम ने कबीरधाम जिले में अपने कार्यकाल के दौरान प्रशासनिक दायित्वों का जिम्मेदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन किया। उनकी कार्यशैली, समन्वय क्षमता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण ने जिले के प्रशासनिक कार्यों को नई गति प्रदान की। हमें विश्वास है कि वे अपनी नई जिम्मेदारी में भी उत्कृष्ट कार्य करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा ने कहा कि श्री पोयाम का सरल एवं सहज व्यवहार, कार्य के प्रति समर्पण और टीम भावना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत रही है। उन्होंने हमेशा सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्य करते हुए प्रशासनिक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हम सभी शुभकामनाएं देते हैं।

